Regarding need to connect villages in Darbhanga Parliamentary Constituency under PMGSY Phase-IV-Laid

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) **:** दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत कई गाँवों की सड़कें पूर्णतः क्षतिग्रस्त तो कई गाँवों की सड़कें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3 से कई गांवों की सड़कों का निर्माण हुआ और कई गाँव की सड़कों का उन्नयन किया गया लेकिन इस योजना में उन सड़कों का ही कायाकल्प किया गया जिनकी लम्बाई कम से कम पांच किलोमीटर थी । लेकिन इस योजना में पुरानी सड़कों का उन्नयन नहीं किया जा रहा और केवल नई बसावट को ही जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है वह भी 2011 की जनगणना को आधार बनाकर इस योजना में दरभंगा संसदीय क्षेत्र की एक भी बसावट को शामिल नहीं किया गया जबकि विगत दो माह पूर्व नेपाल द्वारा अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़ने के कारण दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत किरतपुर प्रखंड के भुभौल गांव के पास कोशी पश्चिमी तटबंध टूटने से भीषण तबाही हुई है और आज भी सैकड़ों बसावट का सड़क सम्पर्क पूर्णतः क्षतिग्रस्त है ।

मैं मांग करता हूँ कि अविलंब पीएमजीएसवाई फेज-4 में संशोधन कर दरभंगा के सैकड़ों गाँवों को भी जोड़ा जाय और इस योजना में पुरानी ग्रामीण सड़कों के अपग्रेडेशन का भी कार्य किया जाय जो फेज-3 में किया गया है ।